हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर, उ0प्र0

पृष्ठ सं0 ..........

# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभाग / विभाग......................  पत्रावली सं0 ..................

**मा0 कुलपति महोदय**

कृपया विश्वविद्यालय की दिनांक 10.09.2024 को सम्पन्न विद्या परिषद् की 21वीं बैठक का कार्यवृत्त पत्रावली के दायीं ओर संलग्न कर आपके अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

10/09/2024

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

Dean Academic Affairs
HBTU, Kanpur

OK, Pl. Issue.
10/9/2024

DCAA)

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक सितम्बर 10, 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे सम्पन्न 21वीं बैठक का कार्यवृत्तः**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 21वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 योगेश एम0 जोशी प्रतिनिधि, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अनिल वर्मा, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 आर0एस0 यादव, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 छगन लाल गेहलोत, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 जितेन्द्र भास्कर, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 दिप्तीक परमार, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 राम नरेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 आशीष कपूर, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 अनीता यादव, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 आनन्द कुमार, विभगाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 ए0के0 संखवार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 इन्दिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 पी0के0एस0 यादव, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एवं कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 सी0एन0 सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 22. | डा0 आशीष त्रिवेदी विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | डा0 दीपक कुमार, कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | डा0 नवीन कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | डा0 राजकमल कुशवाहा, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 28. | डा0 नन्दकिशोर, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 29. | डा0 राशी अग्रवाल, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 30. | प्रो0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के प्रतिनिधि। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 3. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 वन्दना सहगल, प्राचार्य/अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग, लखनऊ प्रतिनिधि मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 बी0आर0 गुर्जर, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 जे0 राम कुमार, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 विशाल वर्मा, डी0टी0यू0, दिल्ली। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 विनय प्रताप सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 अरूण मैथानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 विवेक कुमार, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

मा0 कुलपति द्वारा विद्या परिषद् के समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य विश्वविद्यालय की निम्नलिखित शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गया:

1. शैक्षिक सत्र 2024–25 में विभिन्न पाठ्यक्रमों क्रमशः बी0टेक0 में प्रवेश क्षमता 987 के सापेक्ष 922, बी0बी0ए0 में प्रवेश क्षमता 75 के सापेक्ष 75, बीएस–एमएस में प्रवेश क्षमता 38 के सापेक्ष 38, नये बी0फार्मा0 कोर्स में प्रवेश क्षमता 75 के सापेक्ष 22, एम0सी0ए0 में प्रवेश क्षमता 78 के सापेक्ष 78, एम0बी0ए0 में प्रवेश क्षमता 240 के सापेक्ष 210, एम0एस0सी0 में प्रवेश क्षमता 114 के सापेक्ष 48 एम0टेक0 में प्रवेश

क्षमता 214 के सापेक्ष 74 पी0एच0डी0 में प्रवेश क्षमता 119 के सापेक्ष 58 छात्रों द्वारा नवप्रवेश प्राप्त किया गया है। जिसका विस्तृत विवरण भी एजेण्डे में अलग से मद सं0 21.08 पर प्रस्तुत है। बी0टेक0 की रिक्त सीटों को भरे जाने हेतु दिनांक 13/09/2024 को ऑफलाइन काउन्सलिंग निर्धारित है।

2. प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्रों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 16 से 31/08/2024 तक इन्डक्सन प्रोग्राम सम्पन्न कराया जा चुका है। जिसमें छात्रों को विश्वविद्यालय विभागों, अनुभागों व अन्य सुविधाओं से परिचित कराया गया। साथ ही विभिन्न मोटिवेशनल टाक्स (Setting goals for success: Turning dreams into achievable milestones, Power of thoughts, Discovering your potential: Unlocking the power within you, The power of curiosity and continuous learning, Do it for yourself, Financial motivational along with financial management, Spirituality in students life, Power of Habits, Art of smart work, Evaluation of consciousness etc.) के माध्यम से जीवन में सफलता के लिये मार्गदर्शन किया गया।

3. विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 विभाग द्वारा सिविल इंजी0 विभाग आई0आई0टी0 कानपुर एवं फैकल्टी आफ सिविल एण्ड इनवायरन्मेन्टल इंजी0 टेक्नियॉन, इजराइल के साथ Indo-Israel Workshop on "Design and Implementation of Smart Water Systems" दिनांक August 30-31st, 2024 को आयोजित किया गया।

4. विगत शैक्षिक सत्र 2023–24 में 123 कम्पनियों द्वारा 636 जाब आफर दिया गया। CS, IT, EE, ME, CHE, OT, PT ब्रान्च में अर्ह 100 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेन्ट हुआ। जिसका विस्तृत विवरण भी एजेण्डे में अलग से मद सं0 21.03 पर प्रस्तुत है। सेवायोजित छात्रों को अधिकमत पे पैकेज 32.00 लाख एवं औसत पे पैकेज 7.57 लाख रहा। इस सत्र 2024–25 में सेवायोजन प्रारम्भ हो गया है और 4 कम्पनियों द्वारा विजिट की जा चुकी है और 10 छात्रों का प्लेसमेन्ट हो चुका है।

5. विश्वविद्यालय का षष्टम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 27/09/2024 को आयोजित है जिसकी अध्यक्षता माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया द्वारा की जायेगी तथा दीक्षान्त समारोह में दीक्षान्त भाषण मुख्य अतिथि प्रो0 मणीन्द्र अग्रवाल, निदेशक आई0आई0टी0 कानपुर द्वारा दिया जायेगा।

मा0 कुलपति महोदय ने विद्या परिषद् के समस्त सम्मानित सदस्यों को दीक्षान्त समारोह हेतु आमंत्रित करते हुये उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को आशीर्वाद देने का अनुरोध किया।

**मद सं0 21.01** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 18.07.2024 को सम्पन्न 20वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 18.07.2024 को सम्पन्न 20वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 21.02** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 18.07.2024 को सम्पन्न 20वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 18.07.2024 को सम्पन्न 20वीं विद्या परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही के विवरण से संज्ञानित होते हुये निम्न बिन्दुओं पर निर्देश दियेः

1. बिन्दु सं0 20.10 पर पोस्ट डाक्टरल फैलोशिप प्रोग्राम प्रारम्भ किये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्षों एवं अधिष्ठाताओं की बैठक करते हुये विचार–विमर्श करते हुये प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

2. बिन्दु सं0 20.11 पर विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संशोधित करते हुये आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

3. बिन्दु सं0 20.13.02 पर 6वें दीक्षान्त समारोह हेत मा0 कुलाधिपति महोदया एवं श्री राज्यपाल के द्वारा प्रो0 मनीन्द्र अग्रवाल, निदेशक आई0आई0टी0, कानपुर को मुख्य अतिथि नामित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**मद सं0 21.03** **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2023–24 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2023–24 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार करते हुये सेवायोजन पर संतोष व्यक्त किया।

**मद सं0 21.04** **विश्वविद्यालय के गणित विभाग के कतिपय कोर्सो/विषयों जो कि अन्य पाठ्यक्रमों में संचालित किये जा रहे हैं, के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के गणित विभाग के कतिपय कोर्सो/विषयों जो कि अन्य पाठ्यक्रमों में संचालित किये जा रहे हैं, के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति जो कि विभागीय बी0ओ0एस0 से अनुमोदित है, पर परिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 21.05** **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में बी0टेक0 पाठ्यक्रम में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा Government Nominee के रूप में प्रवेश लिये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में बी0टेक0 पाठ्यक्रम में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा Government Nominee के रूप में हुये प्रवेश का संज्ञान लिया, साथ ही यह भी निर्देश दिया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रेषित पत्र का सत्यापन सम्बन्धित विभाग से करा लिया जाय।

**मद सं0 21.06** **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में केमिकल इंजी0 विभाग में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम (Energy and Environment) विधा के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में केमिकल इंजी0 विभाग में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम (Energy and Environment) विधा के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति पर अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही विभागाध्यक्ष को प्रवेश क्षमता में वृद्धि हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का भी निर्देश दिया।

**मद सं0 21.07** **विश्वविद्यालय के बी0एस0–एम0एस0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार कर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के बी0एस0–एम0एस0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार किया गया है, पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 21.08** **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्थिति का ब्यौरा।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्थिति का ब्यौरे पर संतोष व्यक्त किया।

**मद सं0 21.09** **विश्वविद्यालय के षष्ट्म दीक्षान्त समारोह में विभिन्न प्रकरण की तैयारियों / व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के षष्ट्म दीक्षान्त समारोह में विभिन्न प्रकरण की तैयारियों / व्यवस्था किये जाने का संज्ञान लिया। परिषद् ने बी0टेक0, एम0सी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पदक प्राप्तकर्ता की छात्र–छात्राओं की सूची पर अनुमोदन प्रदान किया। बिन्दु सं0 03 पर 6वें दीक्षान्त समारोह हेत मा0 कुलाधिपति महोदया एवं श्री राज्यपाल के द्वारा प्रो0 मनीन्द्र अग्रवाल, निदेशक आई0आई0टी0, कानपुर को मुख्य अतिथि नामित किये जाने से संज्ञानित होते हुये हर्ष व्यक्त किया।

**मद सं0 21.10** **विश्वविद्यालय के षष्ट्म दीक्षान्त समारोह में बी0टेक0 (2020–21), एम0टेक0 (2022–23), एम0सी0ए0 (2022–23), एम0एस0सी0 (2022–23), एम0बी0ए0 (2022–23) एवं पी0एच0डी0 के उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान किये जाने पर परिषद् के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के षष्ट्म दीक्षान्त समारोह में बी0टेक0, एम0टेक0, एम0सी0ए0, एम0एस0सी0, एम0बी0ए0 एवं पी0एच0डी0 के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान किये जाने हेतु छात्र–छात्राओं की सूची पर अनुमोदन प्रदान किया। उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या में वृद्धि हेतु अध्यक्ष विद्या परिषद् एवं मा0 कुलपति महोदय को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया गया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं
सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्